तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025



4 रबी फसल के लिए की खाद और बिजली की मांग






## खबर संक्षेप



### हथियार तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्रह्मणीतरंग थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी हथियार सप्लायर रेबे उर्फ़ सुनील माझी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ब्राह्मणी तरंग थाना ने मंगलवार को हुई है। धारा 25,1ए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज की गई। पुलिस को 1 दिसंबर की रात सूचना मिली थी कि सुनील माझी वेदव्यास कुआर मुंडा मार्ग के शंख ब्रिजए गोपापाली के पास अवैध हथियार बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। ब्राह्मणी तरंग थाना प्रभारी के निर्देश पर इंस्पेक्टर उदय साहू, एसआई एसके स्वाइन और अन्य कर्मियों की टीम मौके पर पहुँची और रात करीब 9.40 बजे संदिग्ध को देखकर घेराबंदी की। पुलिस को देख वह भागने लगा, लेकिन पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसकी कमर से एक देशी पिस्तौल और उसमें लोडेड तीन जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में सुनील ने स्वीकार किया कि वह झारखंड से हथियार लाकर राउरकेला व सुंदरगढ़ के विभिन्न खरीदारों को सप्लाई करता है। उसकी निशानदेही पर कुआरमुंडा के चुटियाटोला स्थित किराए के घर से एक पिस्तौल, दो सिंगल शॉट गन, एक देशी रिवॉल्वर और प्लास्टिक बोरे में छिपी 35 तलवारें जब्त की गईं। सभी बरामदगी प्रत्यक्षदर्शियों की उपस्थिति में की गई। गिरफ्तार आरोपी रेबे उर्फ़ सुनील माझी 41 वर्ष मूल रूप से बड़ मारेन, तुरी टोला वेदव्यास का निवासी है और वर्तमान में चुटियाटोला, कुआरमुंडा में रह रहा था।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 10 तक आवेदन

**रायगढ़।** छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 45 भगवानपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान के नवीन संचालन हेतु 10 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए है। दुकान संचालन के इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व.सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### डोंगीतराई में बच्चों को किया गया स्वेटर वितरण




**रायगढ़।** बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़े का का वितरण शासकीय प्राथमिक शाला डोंगीतराई में किया गया। स्वेटर मिलते ही बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता झलक उठी और विद्यालय परिसर उत्साह से भर गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधान पाठक जयश्री दीवान, प्रेमा पटेल एवं विनोद सिदार द्वारा विद्यार्थियों के लिए स्वेटर क्रय कर वितरण किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सिंह, संकुल समन्वयक वीरेन्द्र चौहान, प्रधान पाठक नायक, चक्रधर पटेल सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हुलस राम सिदार, विजय किशन, कुशलाल सिदार तथा बंशीधर किशन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### आदिवासी समाज के उत्थान और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

# शिक्षा केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में सफल नागरिक बनने का माध्यम भी : सीएम






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को सीएम विष्णुदेव साय अखिल भारतीय कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीएम ने 30 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन के प्रथम तल का लोकार्पण किया। समाज के वरिष्ठजनों ने सीएम का पारंपरिक रीति-रिवाजों से चरण पखारकर, पुष्पमाला, गजमाला और आदिवासी परिधानों के साथ अभिनंदन किया। सीएम श्री साय ने अपने संबोधन में कंवर समाज की पुरोधा परंपराओं को नमन करते हुए कहा कि समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि विभिन क्षेत्रों में सफल नागरिक बनने का माध्यम भी है। हर बेटा-बेटी को शिक्षित करना ही समाज को मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी समाज के उत्थान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आदिवासी लोगों एवं क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इसका लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान भी किया। सीएम श्री साय ने जनजातीय समाज के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर जनजातीय समुदाय के सम्मान को नई ऊंचाई दी है। उन्होंने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के लिए 80 हजार करोड़ का प्रावधान, पीएम जन मन योजना के तहत 5 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण, जिसमें से 2 हजार 500 किमी छत्तीसगढ़ में होंगे। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से जनजातीय क्षेत्रों में तेज गति से विकास हो रहा है और छत्तीसगढ़ इन योजनाओं में देश में प्रथम स्थान पर है।

**खास बात**

- कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**समाज ने की मांग, मंच से पूरा करने की घोषणा**

सीएम ने कंवर समाज की ओर से प्रस्तुत मांग पत्र के आधार पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। जिनमें कंवर समाज के लिए बोईरदादर रायगढ़ मे एक और सांस्कृतिक भवन के साथ मुख्य मार्ग तक सीसी रोड का निर्माण, लैलूंगा के टुरटूरा में नए सामाजिक भवन, लैलूंगा और घरघोड़ा में निर्मित सामाजिक भवन के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के लिए स्थल एवं उपलब्धता के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृत किया जाएगा।

**पीएम ने संग्रहालय का किया लोकार्पण**

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की रजत जयंती समारोह के अवसर पर रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सह संग्रहालय का लोकार्पण किया है। यह संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के वीर सेनानियों का देश के लिए योगदान जीवंत रूप में प्रदर्शित हो रहा है। यह आने वाली पीढ़ियों को हमारे वीर नायकों के शौर्य और बलिदान से परिचित कराता रहेगा। यह हमारे आदिवासी समाज के लिए भी गौरव की बात है।

### राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने अधिकारियों की ली बैठक

**राउरकेला।** राजस्व एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने मंगलवार दोपहर राउरकेला हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा बयान देते हुए कहा कि आरएसपी आरएसपी को स्थापना के समय दी गई 30 हजार एकड़ भूमि वर्तमान जरूरत से कहीं अधिक है, इसलिए अब बची हुई जमीन राउरकेला के विकास के लिए लौटाई जानी चाहिए। मंत्री पुजारी ने स्पष्ट कहा कि जब तक आरएसपी जमीन नहीं लौटाएगी तब तक न राउरकेला एयरपोर्ट का विस्तार हो पाएगा और न ही नगर निगम का। उन्होंने कहा नगर निगम के पास विकास के लिए एक इंच भी जमीन उपलब्ध नहीं है। आरएसपी विस्तार की समस्याओं पर बोलते हुए मंत्री ने बताया कि विस्तार के लिए जरूरी जमीन पर वर्षों पुराने अतिक्रमण हैंए जिनके हटाए जाने पर उचित पुनर्वास देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई विस्थापन एवं पुनर्वास नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि अब विस्थापितों को बिखराया नहीं जाएगा। यदि किसी स्थान से 200 परिवार हटाए जाते हैं, तो पहले की तरह उन्हें अलग-अलग नहीं बसाया जाएगाए बल्कि एक ही स्थान पर कॉलोनी बनाकर सभी सुविधाओं के साथ पुनर्वास किया जाएगा। किसानों को जमीन के बदले जमीन दी जाएगी।

# रनिंग स्टाफ ने 48 घंटे का उपवास रखकर किया आन्दोलन का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़/खरसिया



ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की केंद्रीय समिति के आह्वान पर लोको रनिंग स्टाफ ने मंगलवार की सुबह 48 घंटे उपवास में रहकर गाड़ियों का संचालन करते हुए राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आगाज कर दिया है। जिसमें एसईसीआर के सभी क्रू लॉबियों सहित रेल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने मुख्यालय में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में रनिंग स्टाफ धरने पर बैठ गया है। जिसमें रायगढ़ और खरसिया भी शामिल हैं।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एसईसीआर प्रतिवर्ष लदान लक्ष्य के नए कीर्तिमान अर्जित करता है। बावजूद इसके जोन में लोको रनिंग स्टाफ के 4541 पद रिक्त हैं, जिससे इन्हें अत्यधिक कार्य करना पड़ता है और समय पर विश्राम व अवकाश भी नहीं मिलता है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य, परिवार व सामाजिक उत्तरदायित्वों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दूसरी तरफ उसके वेतन भत्तों में भी अप्रत्याशित कटौती की जा रही है। एक तरफ जहां 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता होने से सभी केंद्रीय अधिकारी-कर्मचारियों के भत्तों में 1 जनवरी 2024 से 25 प्रतिशत वृद्धि की गई है तो वहीं रनिंग स्टाफ को टीए के सापेक्ष मिलने वाले माईलेज भत्ते में वृद्धि से रेल प्रशासन ने इंकार कर दिया है। साथ ही माईलेज दर के 70 प्रतिशत टीए भाग पर इन्कम टैक्स छूट नहीं दी जा रही है। जबकि टीए नियमतः 100 प्रतिशत इन्कम टैक्स मुक्त होता है। जिसका लाभ सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मिल रहा है। इतना ही नहीं एप्टीट्यूड टेस्ट में अनुपयुक्त 30 प्रतिशत वेतन काटने का अनैतिक आदेश जारी किया गया है। अलारसा की हमेशा से यह मांग है कि रेल दुर्घटनाओं की निष्पक्ष जांच हो जिससे पुनरावृति रोकने के प्रभावी उपाय किए जा सके। इन सभी मुद्दों पर लोको रनिंग स्टाफ में भारी आक्रोश व रोष है। जिसका शीघ्र समाधान करने मंगलवार से पूरे भारत वर्ष का रनिंग स्टाफ 48 घंटे हड़ताल करने बैठा है और भूखे रहकर ही गाड़ियों का संचालन कर रहा है।

# खरसिया रेलवे स्टेशन में चोरों का आतंक कई दिनों से चोरी हो रहा अखबारों का बंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




बीते कुछ दिनों से खरसिया रेलवे स्टेशन में चोरों ने आतंक मचाया हुआ है। इस बार चोर अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए अखबार की प्रतियों को निशाना बना रहे हैं। स्टेशन से आए दिन अखबारों के बंडल पार हो रहे हैं। चोरों को पकड़ने के लिए यहां जीआरपी थाना और बल ही नहीं है। जबकि आरपीएफ पोस्ट तो है, लेकिन यहां के अधिकारी-कर्मचारी इन्हें जीआरपी का काम बता कर मूकदर्शक बने हुए हैं।

खरसिया रेलवे स्टेशन भी रायगढ़ जीआरपी के अधीन है। खास बात यह है कि बल की कमी की वजह से खरसिया में न तो कोई थाना है और ना ही कोई स्टाफ हैं। जिससे यहां चोर-उचक्कों की मौत हो गई है। बीते कुछ दिनों से ट्रेन से उतरने वाले अखबारों के बंडल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया जा रहा है। जिससे अखबार समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे एजेंसी संचालकों को आर्थिक व मानसिक रूप से भी परेशान होना पड़ रहा है। कई बार हॉकरों द्वारा आरपीएफ में इसकी शिकायत की गई, लेकिन आरपीएफ के कर्मचारियों द्वारा उन्हें यह काम जीआरपी का होना बता कर लौटा दिया गया।

**स्टेशन ऐसे पहुंचता है बंडल**

अखबार प्रिंट होने के बाद बिलासपुर से ट्रेन में रवाना किया जाता है। इसके बाद एजेंटों द्वारा अलग-अलग स्टेशनों में बंडल गिरा दिया जाता है। सुबह करीब 5 बजे अखबार के एजेंसी संचालक व हॉकर पहुंचते हैं और उन बंडलों को फिर चार पहिया वाहनों के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचाते हैं, लेकिन यहां तो इनके स्टेशन पहुंचने से पहले ही बंडल गायब हो जा रहे हैं।

**पहले भी हो चुकी है चोरी**

कुछ अखबार एजेंसी संचालकों ने कहा कि खरसिया रेलवे स्टेशन से अखबार चोरी होने का यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी चोरी के मामले सामने आ चुके हैं। पहले चोर विभिन्न प्रकार के अखबारों के बंडलों से 20-25 प्रतियां ही निकालते थे, लेकिन उन्हें रोकने वाला कोई नहीं होने से अब सीधे बंडल को ही पार कर दे रहे हैं। चोरों द्वारा अखबारों की चोरी कर उन्हें रद्दी में बेच दिया जाता है।

**जीआरपी स्टाफ नहीं**

खरसिया में तो जीआरपी का स्टाफ ही नहीं है, जिससे परेशानी हो रही है। हमें अखबारों के बंडल चोरी होने की जानकारी मिली है। चोरों को पकड़ने के लिए मुखबिर तंत्रों का जाल बिछाया गया है।

**आरके बोरझा**
जीआरपी, टीआई

# तेज रफ्तार ट्रेलर घर में घुसा, बाल-बाल बचे लोग, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात झिंकाबहाल गांव में एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर अचानक एक घर में जा घुसा। हादसा इतना भीषण था कि घर के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि जहां ट्रेलर घुसा था वहां कोई नहीं था, घर के अंदर लोग सो रहे थे। सुबह ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग का लेकर चक्काजाम कर दिया।



स्थानीय लोगों के अनुसार रात के समय सड़क पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है, जिस वजह से ऐसी घटनाएं अक्सर हो रही हैं। घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। नाराज ग्रामीण मंगलवार को सुबह होते ही सड़क पर उतर आए और मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचकर लोगों को समझाइश देने की कोशिश कर रहा था।

### राउरकेला स्टेशन की नई पार्किंग नीति पर जनाक्रोश

**राउरकेला।** राउरकेला स्मार्ट सिटी स्टेशन में 1 जुलाई से लागू नई पार्किंग नीति ने यात्रियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। पिकअप एवं ड्रॉप वाहनों पर 10 मिनट के बाद 80 और हर 30 मिनट पर 500 जीएसटी जैसा कठोर दंड अत्यधिक, अव्यावहारिक और आमजन पर सीधा आर्थिक बोझ माना जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि राउरकेला स्टेशन पर कभी भी जाम का कोई गंभीर इतिहास नहीं रहा, न ही ऐसी भीड़ रही है जो संचालन में बाधा बने। बावजूद इसके इतने भारी दंड का आधार न तो रेलवे के पुराने सर्कुलरों में मिलता है और न ही जनहित में इसकी कोई आवश्यकता दिखती है।

# बिलाईगढ़ में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग

**बिलाईगढ़।** लंबे समय से चली आ रही क्षेत्र के किसानों की मांग को फिर एक बार मुखर करते हुए बिलाईगढ़ के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शिव प्रसाद जायसवाल एवं नरेंद्र कुर्रे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दोनों कार्यकर्ताओं ने बताया कि बीते करीब 20 वर्षों से बिलाईगढ़ में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग कर रहे हैं, ताकि किसानों को वित्तीय सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। उनका कहना है कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल ने बिलाईगढ़ रेस्ट हाउस में बैंक शाखा खोलने की घोषणा की थी, लेकिन वह आज तक मूर्त रूप नहीं ले सकी। इसी विषय पर अनेक बार एसडीएम बिलाईगढ़ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारी संघ और नगरवासियों ने भी रैली निकाल कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। इसी बीच 31 अगस्त 2024 को आयुक्त जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर द्वारा आरबीआई के निर्देशों के आधार पर प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भटगांव को आदेश जारी किया गया था और बिलाईगढ़ में बैंक खोलने एक सप्ताह में उपयुक्त स्थान चिन्हांकित कर सूचित करने कहा था।



### डॉग हॉउस बना सपना, दो साल में 7 हजार लोगों को कुत्तों ने काटा

# बेलादुला में आवारा कुत्तों का दहशत, तीन दिन में 20 को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला में दो आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। बीते तीन दिनों में इन कुत्तों ने महिला-पुरुष, स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोगों को शिकार बनाया है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। शहर में डॉग हॉउस सपना बन कर रह गया है। कुत्तों का सही तरीके से बधियाकरण नहीं होने से हर साल इनकी तादात बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि दो साल में करीब 7 हजार लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है।

वार्ड क्रमांक 21 के श्रीराम कॉलोनी और डेम चौक में दो आवारा कुत्ते आक्रामक हो गए हैं।



रविवार से ये कुत्ते राहगीरों को शिकार बना रहे हैं। मंगलवार को भी इन कुत्तों ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हमला किया है। वार्ड में पूछताछ करने पर पता चला कि इन कुत्तों ने अब तक 20 से अधिक लोगों को काटा है, जिसमें महिला-पुरुष व स्कूली बच्चे शामिल हैं। कुत्तों के लगातार हमला करने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

**बढ़ रही संख्या**

वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बीते तीन दिनों से दो कुत्ते आक्रामक होकर लोगों को काट रहे हैं। इन कुत्तों ने अब तक 20 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को मामले की जानकारी दी गई, लेकिन वो बात को टाल दिए।

**अजय शंकर मिश्रा**
पार्षद, वार्ड क्रमांक 21

**दो सालों में डॉग बाइट्स के ऐसे सामने आए मामले**


| साल | केस |
|---|---|
| **केजीएच** | |
| 2024 | 2408 |
| 2025 | 2769 |
| **टोटल** | **5177** |
| **मेकाहारा** | |
| साल | केस |
| 2024 | 1238 |
| 2025 | 392 |
| टोटल | 1630 |
| **कुल** | **6807** |

**निगम के पास नहीं कोई प्लानिंग**

शहर में डॉग हॉउस सपना बन कर ही रह गया है। दो साल में आवारा कुत्तों ने 6807 लोगों को अपना शिकार बनाया है। इन कुत्तों को पकड़ने के लिए निगम के पास कोई प्लानिंग नहीं है। जिससे शहर के सभी गली-मोहल्लों में आवारा कुत्तों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है।

**इसलिए भी निगम नहीं हो रहा गंभीर**

निगम के पास शहर से बाहर डॉग हॉउस ही नहीं है। ऐसे में अगर निगम द्वारा कुत्तों को पकड़ भी लिया जाता है तो उन्हें कहां छोड़ा जाएगा यह सबसे बड़ा सवाल है। हर साल शहर सरकार ने बजट में डॉग हॉउस का प्रस्ताव पेश कर शहरवासियों को सपना तो दिखाया है,

## खबर संक्षेप

### 242 मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन

**राउरकेला।** सिविल टाउनशिप स्थित लायंस आई एवं जनरल हॉस्पिटल में 1 दिसंबर को एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम के तहत 242 से अधिक मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क सफल ऑपरेशन किया गया। ये सभी मरीज 1 नवंबर से 30 नवंबर तक विभिन्न गांवों में आयोजित 13 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अस्पताल लाए गए थे। इस सेवा कार्य में प्रमुख सहयोग लायन महेश अग्रवाल एवं संजु अग्रवाल उनके पिता राधेश्याम अग्रवाल, तथा लायन सुनील अग्रवाल एवं उनके परिवार का रहा।

### सुंदरगढ़ इंडस्ट्रियल मजदूर यूनियन का सम्मेलन

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ इंडस्ट्रियल मजदूर यूनियन सिमू संयुक्त इंडस्ट्रियल मजदूर संगठन का संगठनीय सम्मेलन सोमवार को सेक्टर 16 श्रमिक भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से सिमू की तीन वर्षीय जिला कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर विष्णु मोहन्ति को अध्यक्ष और जहांगीर अली को महासचिव चुना गया। इसके साथ ही कमेटी में विमान माईती, राज किशोर प्रधान, जजाती केसरी साहू सहित अन्य सदस्य शामिल किए गए और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सम्मेलन में संगठन की मजबूती और श्रमिकों के हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया गया। उपस्थित सदस्य इस बात पर एकजुट हुए कि स्थानीय और औद्योगिक स्तर पर श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। संयुक्त रूप से सम्मेलन में यह संकल्प लिया गया कि यूनियन न केवल संगठित होकर अपने सदस्यों के हितों की रक्षा करेगी, बल्कि श्रमिक समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

### युवाओं को दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत जिले में एनिमेटर, फायर फाइटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, कस्टमर केयर सीनियर एग्जीक्यूटिव (वौइस एंड नॉन वौइस), सिक्यूरिटी गार्ड, लैब तकनीशियन, ट्रेवल कंसलटेंट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, योग इंस्ट्रक्टर जैसे कोर्स में निः शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। जिला के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार का ये सुनहरा अवसर है। इन कोर्स में प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष है तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वी पास है। प्रशिक्षण की अवधि 2 माह से 6 माह तक की है, प्रशिक्षण समापन उपरान्त रोजगार शत प्रतिशत प्रदाय किया जायेगा जिसमें मासिक वेतन 08 से 15 हजार रूपए तक रहेगी। प्रशिक्षण निःशुल्क और प्रशिक्षण ले रहे हितग्राही के लिए आवासीय है। प्रशिक्षण हेतु अपना नाम जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय रंजीता स्टेडियम के सामने जशपुरनगर में दर्ज करा सकते हैं अथवा 7697584747 पर संपर्क कर सकते हैं।

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में पतराटोली से दो छात्राएं चयनित

**जशपुरनगर।** भारत की सबसे बड़ी डिजिटल आधारित विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा- विद्यार्थी विज्ञान मंथन के तीसरे चरण में जशपुर जिले के सात छात्रों ने राज्य स्तरीय कैंप के लिए स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया है। इसी क्रम में सेजेस पतराटोली, विकासखंड - दुलदुला, जिला, जशपुर छ ग की दो प्रतिभावान छात्राओं - निशा कुजूर, कक्षा 9वी तथा आयुषी पन्ना को, कक्षा 9 वीं ने राज्य स्तरीय कैंप हेतु चयनित होकर संस्था एवं विकास खंड दुलदुला का मान बढ़ाया है। इन दोनों प्रतिभावान छात्राओं को विद्यालय के प्रार्थना सभा में प्राचार्य डेनियल लकड़ा ने उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य द्वारा डिजिटल क्रांति में सहभागिता हेतु विशेष आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय टेक्नोलॉजी का समय है, अब 21वीं सदी डिजिटल क्रांति का समय है। इसी प्रकार के कई परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थियों को इस प्रकार के अवसर को कभी नहीं चूकना चाहिए।कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ साथ समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित थे।

---

पर्यावरण विभाग के अनुसार जिले का एक्यूआई 100 से नीचे

# हवा में कोयले, राखड़, खराब सड़कों की धूल के कण फिर भी प्रदूषण का स्तर ठीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की आधी से अधिक आबादी कोयले व राखड़ के डस्ट से प्रभावित है। आसपास रहने वाले लोग इन औद्योगिक डस्ट की वजह से कई प्रकार की बीमारियों का सामना कर रहे हैं। जिले के अस्पतालों में हर रोज 50 से अधिक मरीज दमा, चर्म रोग जैसी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं। दस में से हर तीसरा व्यक्ति गैस की समस्या से परेशान है। इसके बाद भी जिले में बढ़ रहे प्रदूषण के नियंत्रण को लेकर कोई विशेष काम नहीं हो रहा है।

वायु प्रदूषण को मापने के लिए जिले के कुछ स्थानों पर एयर पॉल्युशन कंट्रोल डिवाइस तो लगाए गए हैं, जिसके अनुसार जिले का एक्यूआई 100 से कम है, लेकिन हकीकत इससे कुछ उलट ही है। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र हर कोई सड़कों से उड़ने वाली धूल और डस्ट व सड़क पर भारी वाहनों से उड़ने वाली राखड़ से परेशान है। राखड़ को भारी वाहनों के द्वारा दूसरे जगह स्थानांतरित कराया जाता है, गाडियों से यह सारे राखड़ सड़कों पर गिरते हुए जाते हैं, जो लोगों की समस्या को और बढ़ा रहे है।





### किया जा रहा नियमों का पालन

जिलें में प्रदूषण का स्तर सामान्य है। यहां हवा की क्वालिटी भी 100 से कम है। एक्यूआई 50 से 100 के बीच को अच्छा माना जाता है। वहीं कंपनियों से निकलने वाली वेस्ट मटेरियल को भी लेकर एनजीटी के नियमों का पालन किया जा रहा है।

-अंकुर साहू
क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी

### हर साल निकल रहे दो करोड़ टन राखड़

जिले में हर साल पौने दो करोड़ टन राखड़ निकलता है। हर दिन के हिसाब से यह 11 लाख टन है। जिसमें से केवल 95 प्रतिशत का ही निष्पादन हो पाता है। और बाकी बचे को किसी भी जगह डंप कर दिया जाता है, जो बीमारी का कारण बन रहे हैं।

### जिले में 7 जगहों पर प्रदूषण नियंत्रण डिवाइस

पर्यावरण विभाग के द्वारा जिले में 7 डिवाइस लगाए गए है। इनमें से 5 कंपनियों के बाहर है और 2 शहर के अंदर, जिसके अनुसार जिले का एक्यूआई 100 से कम है। लेकिन यह डाटा सिर्फ उन स्थानों का है जहां पर डिवाइस लगाए गए है। दरअसल विभाग के द्वारा डिवाइस उन स्थानों पर लगाया गया है, जहां पर पेड़ पौधे अधिक है।

**प्रदूषण की वजह से हो रही कई गंभीर बीमारियां**

जिले में प्रदूषण की वजह से आमजनों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों में हर रोज 50 से अधिक मरीज सांस एवं आंखों में जलन जैसी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। माइंस क्षेत्र में धूल और ध्वनि प्रदूषण जैसी समस्या अधिक है। जिसका सीधा असर वहां के कर्मचारियों पर पड़ रहा है। इन कंपनियों के आसपास ध्वनि प्रदूषण का स्तर 66 डेसीबल से अधिक का है, जो कि संवेदनशील माना जाता है।

---



## सकारात्मक बदलाव की थीम पर मनाया गया विश्व एड्स दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ द्वारा विश्व एड्स नियंत्रण दिवस मनाया गया। जिला अस्पताल परिसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- जनजागरूकता का संदेश, रोकथाम और उपचार पर दिया गया जोर

सीएमएचओ डॉ. जगत ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व एड्स दिवस की थीम व्यवधानों पर विजय पाएं, एड्स की प्रतिक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाएं के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर में व्यापक जागरूकता और रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। समुदाय आधारित सहभागिता, एचआईवी परीक्षण एवं निःशुल्क उपचार सुविधाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समय पर जांच, परामर्श और नियमित उपचार से एचआईवी संक्रमण को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है और मरीज सामान्य जीवन जीते हैं। जिला अस्पताल व सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आईसीटीसी, 1097 कॉल सेंटर, वायरल लोड टेस्टिंग तथा काउंसलिंग सेवाएँ पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने सुरक्षित व्यवहार, जागरूकता और भेदभाव रहित दृष्टिकोण को एड्स नियंत्रण की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

## जेपीएल में विश्व एड्स दिवस का आयोजन





**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार द्वारा विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर के अवसर पर विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संयंत्र प्रवेश द्वार गेट क्रमांक 01, 02, 03, राबो बांध परिक्षेत्र, सीएचपी एवं गारे पालमा कार्यालय माइंस प्रक्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों एवं ट्रकर्स को रेड रिबन, बैच, पाम्प्लेट का वितरण कर विश्व एड्स व एचआईव्ही एड्स के संबंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया। वहीं शास उमावि कुंजेमुरा में विद्यार्थियों के मध्य जनजागकता कार्यक्रम का आयोजन कर इस वर्ष के थीम व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना पर परिचर्चा की गई। जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार विश्व एड्स दिवस के अवसर पर क्षेत्र में आमजनमानस युवाओं व ट्रकर्स को जागरूक करने के लिए विश्व एड्स जागरूकता पखवाड़ा 01 से 07 दिसम्बर तक निकटस्थ विभिन्न ग्रामों में सामुहिक परिचर्चा, वार्ता, गोष्ठी, नुक्कड नाटक के साथ पाम्प्लेट वितरण का आयोजन कर विश्व एड्स के प्रति जागरूकता के प्रयास किए जाएंगे।

---

## खेलकूद स्पर्धा और सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांग दिखाएंगे प्रतिभा

**रायगढ़।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी 2 एवं 3 दिसम्बर को जिले में विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दिव्यांगजनों की खेल कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच उपलब्ध कराना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा समाज में समावेशिता की भावना को सुदृढ़ करना है।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पांडेय ने बताया कि 2 दिसम्बर को किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ के लाल मैदान में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। आयोजन में मटका फोड़, नींबू चम्मच दौड़, बुक बैलेंसिंग, जलेबी दौड़, बकेट बॉल, गोला फेंक, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कुर्सी दौड़, लम्बी दौड़ एवं थ्रो बॉल जैसी रोचक प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं। इसी तरह 3 दिसम्बर को पॉलीटेक्निक ऑडिटोरियम हॉल में दिव्यांगजनों की कला, संस्कृति और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें गीत संगीत, गायन वादन, नृत्य और एकांकी नाटक जैसे विविध मंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है।

## जिला पंचायत में की गई फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत में सीईओ अभिजीत पठारे की अध्यक्षता में फ्लैगशिप स्कीम योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पीएम आवास, मनरेगा, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन तथा आरसी सहित विभिन्न योजनाओं की जनपदवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत श्री पठारे ने जिन क्षेत्रों में प्रगति धीमी पाई गई है, उन विभागों को आगामी सप्ताह के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर त्वरित गति से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। वहीं जनपद स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए उनकी प्रगति को अन्य विभागों के लिए प्रेरणा बताया। गौरतलब है कि सीईओ जिला पंचायत श्री पठारे द्वारा प्रत्येक सप्ताह प्रगति की सतत मॉनिटरिंग के लिए ऐसी समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि सभी योजनाओं में समय सीमा के भीतर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके और जिला पंचायत के कार्यों में गति लाई जा सके।

---

## तहसील में सत्यापन, सोसायटियों में नहीं दिख रहे रकबा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**पुसौर।** किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए अपना रकबा तहसील कार्यालय में पटवारी के जरिए सत्यापित करा रहे है और इसके बाद सोसायटी जाकर इसकी पुष्टि कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पुसौर तहसील के लगभग 60 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिनका तहसील में एप्रुवल होने के बाद सोसायटी में रकबा नहीं दिखा रहा है जिसके कारण वे परेशान है। बताया जाता है कि एसआईआर के व्यस्तता के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है । इस संबंध में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि रोहित पटेल बताते हैं कि धान खरीदी कार्य कुछ ही महिनों के लिए होता है इसमें किसान अपनी धान बेचने के लिए कहीं चूक न हो और वंचित न हो जाए, इसके लिए शासन के प्रत्येक आदेश को तत्परता से पालन करता है इसके बावजूद भी उसका रकबा सोसायटी में नहीं दिख रहा है। इस संबंध में तहसीलदार का कहना है कि एसआईआर का कार्य एक दो दिन में समाप्त हो जाएगा उसके बाद सारे कार्य पटरी में आ जाएगा।

### स्थानांतरित हुआ बीपीयूटी के पास स्थित वेस्ट प्रोसेसिंग सेंटर

**राउरकेला।** राउरकेला नगर निगम ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बीपीयूटी के पास वर्षों से संचालित हो रहे कचरा प्रबंधन केंद्र का स्थानांतरण पूरा कर लिया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी द्वारा कुछ समय पहले तरकेरा में निर्मित नए वेस्ट प्रोसेसिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया था और सोमवार से यह केंद्र पूरी तरह कार्यरत हो गया है। तरकेरा स्थित इस केंद्र में अत्याधुनिक मशीनों के जरिए कचरे का प्रोसेसिंग किया जाएगा। यहाँ दो माइक्रो कंपोस्टिंग केंद्र और एक मटेरियल रिकवरी सेंटर ;डत्ब्द्ध स्थापित है। माइक्रो कंपोस्टिंग यूनिट की दैनिक क्षमता 5 मीट्रिक टन हैए जबकि की दैनिक क्षमता 20 टन तय की गई है। ध्यान देने योग्य है कि बीपीयूटी क्षेत्र में वर्षों से अव्यवस्थित तरीके से कचरा फेंका जा रहा था, जिससे बीपीयूटी, छेण्ड इलाके सहित आसपास के लोगों को लगातार असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसी को देखते हुए राउरकेला नगर निगम ने कचरा केंद्र के स्थानांतरण की योजना बनाई और तरकेरा में बसे लोगों से दूर एक उपयुक्त स्थान का चयन किया, जहाँ अब यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। साथ ही बीपीयूटी क्षेत्र में कई वर्षों से जमा पुराने कचरे और ठोस अपशिष्ट का बायो माइनिंग कार्य भी जारी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## खरसिया में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

मानव सेवा और सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से स्वर्गीय साधुराम अग्रवाल की स्मृति में छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा एक विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

- अमर शहीद साधुराम अग्रवाल की स्मृति में सामाजिक सेवा

यह शिविर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से लगाया जाएगा, जिसमें ज़रूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ और पैर लगाए जाएंगे। इस सेवा शिविर की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहां आने वाले व्यक्तियों के हाथ या पैर की माप लेकर उनके अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग तैयार कर वहीं प्रदान किए जाएंगे। विशेषज्ञों की टीम पूरे प्रोसेस को संभालेगीए जिससे किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को बेहतर और आरामदायक उपकरण मिल सके। 28, 29 और 30 दिसंबर को यह शिविर लगेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए कुछ जरुरी दस्तावेजों की जरुरत होगी। इसमें दिव्यांग व्यक्तियों को अपनी पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी और यदि उपलब्ध हो तो दिव्यांगता प्रमाण पत्र अवश्य लाना होगा।

मरीजों के नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर रखी गई है। मारवाड़ी युवा मंच शाखा खरसिया ने हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। समाजसेवा की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह शिविर उन लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आएगा, जो आर्थिक तंगी या संसाधनों की कमी के कारण कृत्रिम अंग नहीं ले पाते।

---

मुख्य गेट के सामने और पीछे लगाई गई आधुनिक बायोमेट्रिक डिवाइस

# पहले दिन अधिकारी-कर्मचारियों ने फेस रीडिंग और थंब स्कैन से दर्ज की उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टोरेट में प्रशासनिक पारदर्शिता और समय पालन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 01 दिसंबर से बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था आधिकारिक रूप से लागू कर दी गई। सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट परिसर के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी थंब इंप्रेशन और फेस रीडिंग के माध्यम से अपने अपने कार्यालयों में प्रवेश करते नजर आए।

- आगमन प्रस्थान दोनों समय उपस्थिति अनिवार्य

मुख्य गेट के सामने और पीछे दोनों स्थानों पर अत्याधुनिक बायोमेट्रिक डिवाइस स्थापित किए गए हैं, जिनके





कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराते कर्मचारी।

माध्यम से सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। डिवाइस क्रमांक.1 मुख्य गेट सामने में जिला प्रशासन राजस्व एवं स्थापना, आदिवासी विकास, श्रम तथा खनिज विभाग एनरोल किए गए हैं। वहीं डिवाइस क्रमांक 2 मुख्य गेट पीछे में भू अभिलेख शाखा, जनसम्पर्क विभाग, योजना एवं सांख्यिकी, आबकारी विभाग, जिला कोषालय, उप आयुक्त सहकारिता, अन्त्यावसायी विभाग तथा खाद्य विभाग को शामिल किया गया है। यह नई व्यवस्था न केवल उपस्थिति प्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाएगी, बल्कि कार्यालयीन कार्यों में अनुशासन, समयबद्धता और कार्यकुशलता को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगी। बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी। इस अवधि में आगमन और प्रस्थान दोनों समय उपस्थिति दर्ज करना जरूरी होगा। किसी भी समय उपस्थिति दर्ज न करने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी को अनुपस्थित माना जाएगा। समय पालन और कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए यह व्यवस्था अत्यधिक आवश्यक है, इसलिए किसी भी विभाग में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संयुक्त कलेक्टोरेट के अलावा अन्य सभी शासकीय विभागों में भी यह प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाए। इससे उपस्थिति प्रणाली और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। नई व्यवस्था के सुचारू संचालन, डिवाइस स्थापना, डेटा प्रविष्टि और पूरे सिस्टम की सतत मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी एडीएम को दी गई है।



# माधुरी ने तोड़ी अपनी इमेज पहली बार इतना डार्क किरदार

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित पिछले 40 सालों से मनोरंजन जगत में अपनी चमक बरकरार रखे हुए हैं। हर दशक में उन्होंने खुद को नए अंदाज में पेश किया है चाहे वह अभिनय हो, नृत्य, या चुनौतियों से भरी भूमिकाएं। अब वह डिज्नी+हॉटस्टार की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' में नजर आएंगी, जहां वह एक निगेटिव किरदार निभा रही हैं जो उनके लंबे और शानदार कॅरियर में बहुत कम देखने को मिला है। माधुरी ने कहा, हर दशक की अपनी एक पहचान रही है। कई फिल्में थीं जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाया। मैंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है, और खुद को चुनौती दी है। लेकिन इस दशक की बात करूं तो मेरे लिए 'मिसेज देशपांडे' वही भूमिका है। ऐसा किरदार मैंने पहले कभी नहीं निभाया.'पुकार' में एक लड़की थी जो नासमझी में गलती कर बैठती है। लेकिन, यहां कोई मासूमियत नहीं है। वह जानती है कि वह क्या कर रही है, बहुत सोच-समझकर, परतदार और दिलचस्प ढंग से।

लाइफ Style

# सामंथा

## राज निदिमोरु से की गुपचुप शादी

साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने 'द फैमिली मैन' के निर्माता राज निदिमोरु से तमिलनाडु के कोयंबटूर में सद्गुरु के ईशा योग सेंटर में गुपचुप शादी की, जिसमें कपल के सिर्फ करीबी दोस्त ही शामिल हुए। उन्होंने फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सिंपल सी शादी में सामंथा ने लाल रंग की साड़ी पहनी है और सात फेरों की 5 तस्वीरें शेयर की हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने राज निदिमोरु संग शादी करने के बाद सोशल मीडिया पर वेडिंग फोटोज शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राज उनकी उंगली में अंगूठी पहना रहे हैं। सामंथा जहां लाल रंग की साड़ी में हैं। वहीं, राज ने सफेद रंग का कुर्ता-पजामा और हल्के भूरे रंग की जैकेट पहनी है। साल 2010 में तमिल फिल्म 'विन्नैथांडी वरुवाया से सामंथा ने डेब्यू किया था। कुछ साउथ की फिल्में करने के बाद सामंथा ने साल 2012 में प्रतीक बब्बर की बॉलीवुड मूवी 'एक दीवाना था' में कैमियो किया था। लेकिन आज तक किसी भी बॉलीवुड फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस एक्टिंग नहीं की है। लेकिन, 15 साल के करियर में वह कई तमिल और तेलुगु भाषा की फिल्मों में लीड रोल कर चुकी हैं। इनमें से कई फिल्में हिंदी में डब होकर आईं। जिसके कारण हिंदी पट्टी में भी सामंथा की फैन फॉलोइंग बढ़ गई। इस लिस्ट में कई फिल्में शामिल हैं। जैसे साल 2021 में एसएस राजामौली ने ईगा नाम से एक तेलुगू फिल्म बनाई। इस फिल्म की हीरोइन सामंथा थीं। इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था। सामंथा ने कम समय में ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए जगह बना ली। वह कई नामी एक्टर्स के साथ फिल्मों में हीरोइन के तौर पर नजर आईं।




हॉलीवुड मसाला



# अवतार- फायर एंड ऐश रिलीज के लिए तैयार

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक जेम्स कैमरून एक बार फिर दुनिया भर में सिनेमाघरों को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। अवतार यूनिवर्स का अगला अध्याय 'अवतार फायर एंड ऐश' इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल रिलीज मानी जा रही है। फिल्म को लेकर पिछले कई महीनों से दुनिया भर में जो एक्साइटमेंट बनी हुई थी, वह अब भारतीय दर्शकों के बीच भी देखने को मिल रही है। 19 दिसंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर अपडेट सामने आया है। भारत में 5 दिसंबर से एडवांस बुकिंग आधिकारिक रूप से शुरू होने जा रही है। खास बात यह है कि आईमैक्स और डोल्बी विजन फॉर्मेट्स के लिए बुकिंग की तैयारियां पहले से ही की जा रही हैं। 19 दिसंबर को रिलीज होने जा रही यह फिल्म भारत में कुल 6 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में उपलब्ध होगी।



# चल रही थी शूटिंग सुपरस्टार ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** 'टायरोन पावर' 1940 और 50 के दशक का वह दिलकश सितारा था जिसे लाखों लोग रोमांस और एडवेंचर फिल्मों में देख दीवाने हो जाते थे। 15 नवंबर को घटी एक घटना ने न सिर्फ एक सुपरस्टार की जिंदगी खत्म कर दी, बल्कि हॉलीवुड को भी झकझोर दिया। टायरोन पावर फिल्म 'सोलोमन एंड शीबा' की शूटिंग कर रहे थे। एक भव्य युद्ध दृश्य की रिहर्सल चल रही थी। हाथ में तलवार, सामने कलाकार, आसपास कैमरे और दर्जनों क्रू मेंबर थे। दृश्य में जान डालने के लिए वे पूरे जोश से तलवारबाजी कर रहे थे। अचानक उनकी चाल लड़खड़ाई पहले किसी को लगा कि यह सीन का हिस्सा है। लेकिन, कुछ ही पलों में पावर जमीन पर गिर पड़े। सेट पर सन्नाटा छा गया। उन्हें तुरंत उठाकर एंबुलेंस में ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी धड़कन थम चुकी थी। डॉक्टरों ने साफ कहा, 'वह यहां पहुंचने से पहले ही जा चुके थे।' पावर सिर्फ 44 साल के थे। टायरोन पावर के जाने का शोक लोगों ने तो मनाया, लेकिन सिस्टम आगे बढ़ गया-बिना रुके, बिना ठहरे। उनकी कहानी हॉलीवुड इतिहास की सबसे ट्रैजिक कहानियों में गिनी जाती है। उनका अंत उतना ही नाटकीय था, जितना उनकी फिल्मों के दृश्य। रूमानियत और एडवेंचर का ब्लेंड जो पर्दे पर दिखा वही दबे पांव उनके जीवन को भी निगल गया।



# बॉर्डर 2 से दिलजीत का दमदार लुक रिवील

**मुंबई।** फिल्म 'चमकीला' में अपनी अभिनय से दर्शकों पर छाप छोड़ने वाले दिलजीत दोसांझ जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर-2' से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। फिल्म में दिलजीत का पहला लुक सामने आ चुका है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ भारतीय वायुसेना के बहादुर फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने 1971 में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया था। उनका लुक काफी प्रभावशाली दिख रहा है। दिलजीत दोसांझ ने 'बॉर्डर-2' से अपना पहला लुक शेयर किया है, जिसमें वह बड़ी मूछों और जोश भरे चेहरे के साथ लड़ाकू विमान में बैठे नजर आ रहे हैं। वह खून से लथपथ हैं। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, "बॉर्डर 2 से आपकी पहली झलक वाकई कमाल की है। 23 जनवरी 2026 को लॉन्च के लिए बिल्कुल सही समय है। भारत माता की जय।



# जलसा के बाहर फिर लगा फैंस का जमावड़ा

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के फैंस को उनकी एक झलक पाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह है कि बिग बी ज्यादातर रविवार को अपने मुंबई स्थित बंगले जलसा के बाहर अपने फैंस से मिलने आते हैं। बीते रविवार को भी बिग बी ने फैंस से मुलाकात की और साथ ही इस पल को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और एक इमोशनल नोट भी लिखा। अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में बिग बी ने फैंस के साथ अपनी मुलाकात के पल की एक खास तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने फैंस के लिए लिखा, 'T 5582- मुस्कुराहटें जो मुझे जीने देती हैं और अस्तित्व में लाती हैं।' इसके साथ ही बिग बी ने यह भी लिखा कि फैंस की यह खुशी ही उन्हें आगे काम करने की ताकत देती है। अमिताभ बच्चन कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं।


टीवी मसाला



# दीया और बाती हम की एक्ट्रेस विंध्या ने जोधपुर में रचाई शादी

**नई दिल्ली।** 'दीया और बाती हम', 'ससुराल सिमर का', 'नागिन 2' और 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' जैसे कई शोज में काम कर चुकीं विंध्या तिवारी ने 25 नवंबर को आशीष लोहरा के साथ शादी कर ली। एक्ट्रेस ने जोधपुर में आशीष लोहरा से शादी की। इसके बाद उन्होंने समारोह की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह गुलाबी लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और आशीष भी अपनी दुल्हन के साथ खूब जंच रहे हैं। खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- हमारे साथ जश्न मनाया, शुभकामनाएं भेजीं, या हमारी शादी के दिन को यादगार बनाने में मदद की: तहे दिल से शुक्रिया। हम शादीशुदा हैं और इतने प्यार से घिरे इस नए अध्याय की शुरुआत करके बेहद खुश और धन्य महसूस कर रहे हैं। हमेशा के लिए शुभकामनाएं! विंध्या ने मुस्कुराते हुए बताया कि शादी के बाद पहली सुबह उठते ही दुनिया कैसी लगी। उन्होंने इसे भगवान हनुमान का आशीर्वाद बताया और बताया कि सब कुछ सपने जैसा लग रहा था। उन्होंने कहा- यह अवास्तविक है। यह खूबसूरत है। मुझे लगता है कि जब मैं शादी के बारे में नहीं सोच रही थी, तब यह बस हो गया। प्रार्थनाओं और चमत्कारों में विश्वास रखने वाली विंध्या ने कहा कि उनके जीवन का हर दिन रोमांचक है। उन्होंने कहा- लोग कहते हैं कि शुरुआती दौर रोमांचक होता है, लेकिन मैं टाल देती हूं। मेरा जीवन हमेशा से रोमांचक रहा है। मेरा जीवन बहुत जादुई है।

## मौनी को महीनों बाद देख उड़े सबके होश



**नई दिल्ली।** मौनी रॉय को अक्सर पपाराजी के लिए पोज देते देखा जाता है। इस बार उनके साथ उनकी दोस्त भी थीं जिनके बारे में फैंस पूछताछ कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। कुछ सेलेब्रिटीज को अपना ग्लैमर दिखाने के लिए रेड कार्पेट की जरूरत नहीं होती और मौनी रॉय इसका एक बेहतरीन उदाहरण हैं। बीती शाम उन्हें मुंबई की सड़कों पर जलवे बिखेरने के बाद एक वेन्यू से निकलते हुए देखा गया। कैमरे उनके पीछे-पीछे चल रहे थे, लेकिन मौनी यूं ही आगे नहीं बढ़ीं, बल्कि इंतजार करती रहीं और फोटोग्राफर्स को 'हाय' कहा। मौनी रॉय अपनी कार की ओर जाने से पहले फोटोग्राफरों को पोज दे रही थीं, अपनी मुस्कान के साथ वो काफी देर तक रुकी रहीं। उन्होंने न केवल सोलो पोज दिए, बल्कि अपनी दोस्त को भी फ्रेम में बुलाया। एक्ट्रेस ने फिटेड ब्लैक स्कर्ट और व्हाइट शर्ट पहनी थी। उन्होंने इसे टाई और ब्लैक हील्स के साथ पेयर किया था। लेकिन लोगों ने जिसके बारे में पूछना शुरू कर दिया वो थीं उनकी दोस्त। मौनी रॉय आखिरी बार 'द भूतनी' में नजर आई थीं, जिसमें पलक तिवारी, संजय दत्त और सनी सिंह भी थे।

# आखिरी दिनों में वे बहुत कष्ट में थे धर्मेंद्र को याद कर हेमा की छलकीं आंखें

**मुंबई।** धर्मेंद्र इस दुनिया में नहीं रहे। सोमवार 24 नवंबर को उन्होंने 89 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया। प्राइवेट तरीके से देओल परिवार ने अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर किया। बॉलीवुड के ही-मैन की अंतिम यात्रा में परिवार के अलावा कई फिल्मी हस्तियां भी पहुंचीं। मगर, फैंस अपने चहेते सितारे के अंतिम दर्शन नहीं कर सके। हाल ही में हेमा मालिनी ने जल्दबाजी में हुए धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार पर चुप्पी तोड़ी है और उनके आखिरी दिनों के बारे में बात की है।



### क्यों किया गया जल्दबाजी में अंतिम संस्कार?

हेमा मालिनी ने इस दौरान जल्दबाजी में प्राइवेट तरीके से हुए अभिनेता के अंतिम संस्कार के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र हमेशा से चाहते थे कि उन्हें मजबूत देखा जाए। परिवार वाले भी उन्हें कभी कमजोर या बीमार न देखें। उनके आखिरी दिन बहुत दर्दनाक थे और उन्हें लगा कि फैंस को उन्हें उनकी पूरी ताकत के साथ याद रखना चाहिए न कि उनके दुख के साथ। फिर उन्होंने बहुत दुख के साथ कहा कि उन्हें अफसोस है कि उनके फैंस को उन्हें आखिरी बार देखने का मौका नहीं मिला।

### काश फॉर्महाउस पर मिल पाती

फिल्ममेकर हमाद अल रेयामी ने धर्मेंद्र के निधन के बाद हाल ही में हेमा मालिनी से मुलाकात की। उन्होंने लिखा है कि हेमा मालिनी के साथ मुलाकात के बाद उन्होंने एहसास हुआ कि वे कितनी गहरी उदासी में जी रही हैं। हेमा को अपने हमसफर धर्मेंद्र के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाने का अफसोस है। हेमा मालिनी ने अपनी कांपती आवाज में रेयामी के सामने कहा कि काश वे दो महीने पहले की तरह धर्मेंद्र से फॉर्महाउस पर मिल पातीं। साथ ही हेमा मालिनी ने कहा कि आखिरी दिनों में धर्मेंद्र सेहत की वजह से बेहद कष्ट में थे।

### दुख को छिपाने की कोशिश करती रहीं

निर्माता हमाद अल रेयामी ने लिखा है, 'शोक के तीसरे दिन मैं मशहूर आर्टिस्ट हेमा मालिनी से मिलने गया, जो दिवंगत सुपरस्टार धर्मेंद्र की पत्नी हैं। यह पहली बार था, जब मैं उनसे आमने-सामने मिला था। हालांकि मैंने उन्हें पहले भी कई बार दूर से देखा था, लेकिन इस बार कुछ अलग था। यह एक दुखद अवसर था, ऐसा दुख जो लगभग समझ से बाहर है। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं उनके साथ बैठा और मैं उनके चेहरे पर एक अंदरूनी उथल-पुथल देख सकता था जिसे वे पूरी तरह छिपाने की कोशिश कर रही थीं'।

# वी शांताराम की बायोपिक में नजर आएंगे सिद्धांत

**मुंबई।** भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता वी शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खास पोस्टर शेयर किया है। जिसमें सिद्धांत का लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इस फिल्म के पहले पोस्टर में सिद्धांत चतुर्वेदी धोती, कुर्ता, कोट और टोपी पहने स्टाइलिश अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। सिद्धांत के पीछे एक चील और खुला आसमान दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला विद्रोही बड़े पर्दे पर वापस आ गया है।' फिल्म के पोस्टर को लेकर सिद्धांत के फैंस ने अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'मुझे पहले से ही यकीन है कि आप इसमें भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'सिद्धांत भाई आप बहुत गजब लग रहे हो।'

### कौन थे वी शांताराम

शांताराम राजाराम वणकुद्रे का जन्म 18 नवंबर 1901 को हुआ। वी. शांताराम को प्यार से लोग शांताराम बापू कहते थे। वह एक भारतीय फिल्म निर्माता, फिल्म निर्देशक और अभिनेता थे। उन्हें 'अमर भूपाली', 'झनक झनक पायल बाजे', 'दो आंखे बारह हाथ', 'नवरंग', 'दुनिया न माने' और 'पिंजरा' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1927 में अपनी पहली फिल्म 'नेताजी पालकर' को निर्देशित किया था।



### फिल्म के बारे में

*यह फिल्म वी शांताराम की बायोपिक है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका निभाएंगे। यानी अब फैंस अभिनेता-फिल्म निर्माता वी शांताराम के असाधारण जीवन को बड़े पर्दे पर देख सकेंगे। इस फिल्म को अभिजीत शिरीष देशपांडे ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म का निर्माण राहुल किरण शांताराम, सुभाष काले और सरिता अश्विन वर्दे मिलकर कर रहे हैं। यह फिल्म निर्माता वी. शांताराम के जीवन और उनके अविश्वसनीय काम पर आधारित होगी। कथित तौर पर फिल्म में तमन्ना भाटिया और फरदीन खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।*

## साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी होगा मजा

# इस हफ्ते रिलीज होंगी कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिसंबर महीने का पहला सप्ताह शुरू हो गया है। सिनेमाघरों में जहां दर्शकों को 'धुरंधर' का इंतजार है। वहीं, ओटीटी पर सिनेमा का लुत्फ उठाने वालों के लिए भी यह सप्ताह काफी खास होने वाला है। इस वीक न सिर्फ कॉमेडी का डोज मिलेगा, बल्कि साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर और सस्पेंस का भी मजा होगा।

### द बैड गाइज 2

सप्ताह के पहले दिन यानी 1 दिसंबर को 'द बैड गाइज 2' रिलीज गई है। यह अमेरिकी एनिमेटेड कॉमेडी फिल्म इस साल अगस्त में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर आ रही है। इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।






### औकात के बाहर

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव अब एक्टिंग डेब्यू को तैयार हैं। उनकी डेब्यू सीरीज का नाम 'औकात के बाहर' है। यह दिसंबर के पहले सप्ताह में दस्तक देगी। ठिकाना है अमेजन एमएक्स प्लेयर। इसकी स्ट्रीमिंग 03 दिसंबर से शुरू होगी। एल्विश यादव के अलावा सीरीज 'औकात से बाहर'में मल्हार राठौर, निखिल विजय, हेतल गड़ा, रोहन खुराना, केशव साधना जैसे एक्टर्स भी नजर आए। सभी कॉलेज स्टूडेंट्स के रोल में दिखाई दिए। इस सीरीज को तन्मय रस्तोगी ने निर्देशित किया है।

### कुत्त्रम पुरिधावन



यह एक तमिल साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसमें पशुपति, लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली और अजीत कोशी 'घरवाली-पेड़वाली'। इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में यह शो भी शामिल है। इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह कॉमेडी से लबरेज होगा। इसे दर्शक 05 दिसंबर से जी5 पर देख सकेंगे। यह शो पृथ्वी मिश्रा उर्फ जीतू की जिंदगी के इर्द-गिर्द है, जिसे जिंदगी में ये श्राप मिलता है कि उसकी हर चीज उसकी जिंदगी में डबल होगी।

### स्टीफन

यह तमिल फिल्म है। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी एक किलर पर आधारित है। यह फिल्म 05 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप



### रायकोना मामले में दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

**सरसीवां।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के रायकोना में आठ महीने में रकम ढाई गुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले महाठग शिवा साहू के मामले में सरसीवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके मां और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। हाई प्रोफाइल ठगी कांड में सरसीवां पुलिस पहले ही शिवा साहू सहित कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। शिवा द जनरी ग्रुप के नाम पर मासूम लोगों को 8 माह में रकम ढाई गुना करने का लालच दिया गया था और करोड़ों की ठगी को अंजाम दिया गया। जांच के दौरान सरसीवां पुलिस ने शिवा साहू के कब्जे से सोना चांदी, महंगी लग्जरी गाड़ियाँ, जमीन के दस्तावेज, नकद राशिए और कई बैंक खातों को जब्त किया है। न्यायालय ने इन सभी संपत्तियों पर कुर्की का आदेश भी जारी कर दिया है। अब कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए सरसीवां पुलिस ने महाठग की मां चंद्रकला साहू और सहयोगी धर्मेश साहू को हिरासत में लेकर विभिन्न धाराओं के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष कार्यक्रमों में हुए शामिल

**पुसौर।** भाजपा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही वरिष्ठ भाजपा नेता दिवंगत घनश्याम गुप्ता के दशगात्र में शामिल होकर उनके परिवार जनों को ढांढस बंधाया। वहीं मणि मेडकल स्टोर का उद्घाटन भी किया। इस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेष साव, सरिया के नगर उपाध्यक्ष व समस्त भाजपा कार्यकता व पदाधिकारी गण शामिल रहे।

### देवेंद्र का संघ ने किया सम्मान

**रायगढ़।** छग आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा रायगढ़ ने देवेंद्र पटेल की सेवा निवृत्ति के अवसर पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। देवेंद्र पटेल अपने शासकीय सेवा की शुरुवात लिपिक के पद पर 30 अक्टूबर 1985 को कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ में किये। तदुपरांत लगभग 11 वर्षो तक आयुर्वेद महाविद्यालय बिलासपुर में अधीक्षक के पद पर कार्य करते हुए 30 नवंबर को सेवा निवृत्त हो गए। रायगढ़ के मूल निवासी होने के साथ साथ जिले के चिकित्सा अधिकारियों से गहरी संबंध स्थापित कर चुके हैं।

### अंकित का विजय मर्चेंट ट्राफी के लिए चयन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ की अंडर 16 टीम में विजय मर्चेंट ट्राफी के लिए अंकित मिश्रा का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि विजय मर्चेंट ट्राफी अंडर 16 के क्रिकेट खिलाडियों हेतु खेले जाने वाली ट्रॉफी का नाम है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा घोषित 17 सदस्यीय टीम में अंशुमन ठाकुर को कप्तान बनाया गया है। रायगढ़ जिले के अंकित मिश्रा का चयन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में किया गया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम बिहार, उड़िसा, पांडिचेरी, राजस्थान व पंजाब से खेलेगी।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम सुरसी प ह.नं. 13
रा.नि.मं सरिया तहसील सरिया,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिशुपाल पिता जोगी यादव निवासी सुरसी तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने पिता जोगी यादव का मृत्यु दिनांक 10.07.2020 (शब्दों में दस जुलाई दो हजार बीस) को ग्राम सुरसी में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 12.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सरिया

## राशनकार्ड केवाईसी की मियाद खत्म होने को है, फिर भी दर्जनों का है बाकी

# दो साल में तीसरी बार ई-केवायसी उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि राशन कार्ड में नाम है और ई-केवायसी नहीं कराया तो राशन से वंचित हो सकते हैं। दो साल में तीसरी बार केवायसी करा रहे हैं। इससे उपभोक्ता परेशान हो चुके हैं। जिले में लगातार राशनकार्ड केवाईसी की प्रकिया चल रही है। फिर भी अब तक शत प्रतिशत लोगों ने केवाईसी नहीं करा सके हैं। विभाग द्वारा समय-समय पर राशनकार्ड केवाईसी कराने के समय सीमा में परिवर्तन किया गया, जिसे बढ़ाते बढ़ाते लगभग 1 साल हो चुके है। इसके बाद भी कई लोग ऐसे हैं जिन्होने अब तक अपने राशनकार्ड का सत्यापन नहीं कराया है। राशनकार्ड केवाईसी के लिए आखिरी तय समय सीमा भी समाप्त होने वाली है। ऐसे में अब जिस भी कार्डधारी का अब तक राशनकार्ड का केवाईसी नहीं कराया है उन्हें राशन नहीं मिलेगा। जिले में 2 लाख से अधिक राशनकार्ड धारक हैं, जिनमें दस लाख से अधिक लोगों के नाम दर्ज है। इनमें से अब तक 9 लाख 45 हजार से अधिक सदस्यों ने अपने राशनकार्ड का केवाईसी करवा लिया है। ऐसे में जिनका भी नाम राशनकार्ड में है और उन्होंने केवाईसी नहीं कराया है तो आने वाले समय में परेशानी में पड़ सकते हैं। राशनकार्ड में जिस भी सदस्य का नाम है उनका केवाईसी होना अनिवार्य है, इसमें सिर्फ 5 साल से छोटे बच्चों को छूट दी गई है।

**खास बातें**

- राशन कार्ड में जिनका नाम उनका केवाईसी अनिवार्य



ई-केवाईसी कराने पहुंचे उपभोक्ता।

### 84 हजार सदस्यों का बाकी है ई केवायसी

खाद्य विभाग के मुताबिक जिले के कुल राशनकार्डधारी में सदस्यों की संख्या 10 लाख 60 हजार से अधिक है। इनमें से अब तक 84 हजार 102 सदस्यों का केवाईसी होना पेंडिंग है। खाद्य विभाग के द्वारा अब इन सदस्यों के राशन को रोके जानें की प्लानिंग की जा रही है। अगर कार्ड में 5 सदस्यों के नाम दर्ज है और उनमें से एक का भी केवाईसी नहीं हुआ है तो उसका राशन नहीं मिलेगा और ना ही इसका कोटा राशन दुकानों में भेजा जाएगा।

### सबसे ज्यादा एपीएल कार्डधारी

खाद्य विभाग के अनुसार, राशनकार्ड की केवाईसी नहीं करानें वालो में सबसे ज्यादा एपीएल कार्डधारक हैं। जो राशनकार्ड बनने के बाद कभी राशन लेने नहीं जाते, केवल एक दस्तावेज के रूप में कार्ड बना कर रखे हुए हैं। ऐसे लोगों के कार्ड जनवरी माह से निरस्त भी हो सकत हैं।



## रबी फसल के लिए की खाद और बिजली की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

रबी फसल के लिए रासायनिक खाद एवं विद्युत आपूर्ति ठीक ढंग से करने की मांग करते हुए किसानों ने जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर ने किसानों की समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया है।

सरिया के किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन सारंगढ़ पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन दिया है। जिसमें किसानों ने मांग किया है कि आने वाले दिनों में रवि फसल धान के लिए रासायनिक खाद एवं विद्युत कटौती की समस्या का सामना किसानों को ना करना पड़े। इसके लिए पहले से महोदय के समक्ष आवेदन देकर समस्या समाधान करने की मांग किया है। किसान संघ सरिया के संरक्षक मोहन पटेल के नेतृत्व में किसानों का एक शिष्ट मंडल मंगलवार को कलेक्टर संजय कन्नौजे केजन-दर्शन में पहुंचे और आवेदन दिए की सरिया क्षेत्र हमेशा से ही कृषि के क्षेत्र में आगे रहता है और यहां के किसान तन मन के साथ कृषि कार्य करते हैं। यहां अब खरीफ फसल पककर तैयार है।

किसान आने वाले दिनों में रवि फसल धान की तैयारी में जुट जाएंगे। इसके पहले सेवा सहकारी समिति सरिया में आवश्यकता अनुसार किसानों को रासायनिक खाद की आपूर्ति के लिए भंडारण की जाए और रवि फसल के दौरान विद्युत कटौती न की जाए। विद्युत कटौती होने से फसल प्रभावित होता है। किसानों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने किसानों को आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से मोहन पटेल, संरक्षक किसान संघ, नरोत्तम प्रधान, रूप पटेल, विक्रम गुप्ता व अन्य कृषक शामिल थे।




## आरोग्यदीप 2.0 कार्यक्रम का शुभारंभ

**तमनार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा नवसृजन शिक्षा एवं जनसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आरोग्यदीप 2.0 कार्यक्रम का शुभारंभ एवं उन्मुखीकरण समारोह आयोजित किया गया।

हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गारे पेलमा 4/4 खनन क्षेत्र बेलजोर के सामुदायिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा वित्तीय सहयोग प्राप्त इस कार्यक्रम का उद्देश्य तमनार विकासखंड के 9 सुदूर एवं वनांचल ग्राम मिलूपारा, कोड़केल, बेलजोर, डोंगामोहा, लमदरहरा, सकता, लालपुर सड़क, लालखार एवं बांजीखोल के ग्रामीणों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। मार्च 2026 तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर, सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर, रोगों के लक्षण, निदान एवं उपचार से संबंधित उन्मुखीकरण कार्यक्रम तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम संचालन हेतु नवसृजन शिक्षा एवं जनसेवा समिति को सहयोगी संस्था के रूप में जोड़ा गया है। स्वागत उद्बोधन में संस्था के दुर्गा शंकर ने आरोग्यदीप 2.0 की आवश्यकता एवं सामुदायिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में हिंडालको सीएसआर प्रमुख श्रीमती रंजना नाग ने परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिन प्रशिक्षकों से अधिकतम सहयोग करने कहा गया।

### वार्डो में शराब और नशीले पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**खरसिया।** खरसिया नगर पालिका के पार्षद एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष राधे राठौर ने जिले के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंनें खरसिया शहर के सभी 18 वार्डों में अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। इसमें उल्लेख किया कि शराब, टेबलेट, इंजेक्शन, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री के कारण न केवल उपभोग करने वालों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि रोजमर्रा की हिंसा, चोरी, मारपीट, दुर्घटना और मौत जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे नगर और समाज का भविष्य संकट में पड़ रहा है। राठौर ने पत्र में वित्त मंत्री से यह अनुरोध किया है कि वह इस मामले में ध्यान दें और जनहित में आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दें। उनके साथ भारतीय जनता महिला मोर्चा की अध्यक्ष सरिता सहिस ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इस कदम को स्थानीय नागरिकों द्वारा सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी। खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में नशे और अवैध शराब की बिक्री की घटनाओं में वृद्धि हुई है और स्थानीय प्रशासन की यह पहल इसे नियंत्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## 97 फीसदी से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन हुआ पूरा

- मतदाता सूची को अद्यतन करने और त्रुटिरहित बनाने जिले में तेजी से हो रहा एसआईआर

**रायगढ़।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस महाअभियान के अंतर्गत अब तक 97 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर लिया गया है।

जिले के कुल 9 लाख 14 हजार 669 मतदाताओं में 8 लाख 94 हजार 22 से अधिक मतदाताओं के एसआईआर प्रपत्र भरकर डिजीटाइजेशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसमें विधानसभा लैलूंगा अंतर्गत 209961 में से 208843, विधानसभा रायगढ़ में 267099 में से 249423, विधानसभा खरसिया 220029 में से 218651 एवं विधानसभा धरमजयगढ़ में 217580 में से 217105 मतदाताओं का डिजीटाईजेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व आदेश को संशोधित करते हुए नया शेड्यूल जारी किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार गणना पत्रक भरकर डिजीटाईज करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर गुरुवार, मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण व पुनर्स्थापन 11 दिसम्बर गुरुवार तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 मंगलवार, दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 16 दिसम्बर मंगलवार से 15 जनवरी गुरुवार तक नोटिस फेज सुनवाई, सत्यापन एवं दावों आपत्तियों का निराकरण 16 दिसम्बर से 07 फरवरी 2026 शनिवार तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 शनिवार निर्धारित है।



## लोगों ने लिया रोटरी क्लब के स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ रोटरी क्लब ऑफ़ रायगढ़ रॉयल एवं सुयश हॉस्पिटल के तत्वाधान में विगत 30 नवम्बर को अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की सोनोग्राफी, सीटी स्कैन और एक्स-रे का पूरा खर्च रामदास-द्रौपदी फ़ाउंडेशन द्वारा वहन किया गया।

शिविर में 300 से अधिक लोगों का सफल परीक्षण किया गया। इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दी। इनमें मानसिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जैन, शुगर, थायराइड एवं डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. सुमीत बोकाड़े, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. केएस भारतीया, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जोशी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आँचल अग्रवाल, एम.डी. मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत अग्रवाल तथा हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. समीर मित्तल शामिल थे।

## काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी रंग के स्वेटर पहने तो पड़ेगा उतारना

**रायगढ़।** व्यापमं द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत आमीन भर्ती परीक्षा डब्ल्यूआरडी का आयोजन आगामी 7 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले में 57 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें लगभग 16091 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।इस परीक्षा के लिए जारी कड़े मापदंडों का पालन करना जरुरी है।

इसमें हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर बिना पाकेट की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतार कर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति दी गई है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित किया गया है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से फिस्किंग का कार्य किया जाएगा।

महिला अभ्यर्थियों की फिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जायेगा। व्यापमं के निर्देशों के अनुपालन में 15 बिंदुओं में दिशा निर्देश जारी किए गए है। जारी दिशा निर्देशों के तहत परीक्षार्थियों को कहा गया है कि परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

- जल संसाधन विभाग के आमीन भर्ती परीक्षा के मापदंड कड़े
- व्यापमं ने जारी किया 15 बिंदुओं पर स्पष्ट दिशा निर्देश

## स्वामी शातानंद ने दी छात्रों को दिनचर्या से जुड़े तथ्यों की सीख




**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित शासकीय हायर सेकण्डरी स्क्ल कई दशकों से संचालित है। इस स्कूल में स्वामी शातानंद पहुंचे थे। जहां वरिष्ठ रामायणी बल्लभ साव एवं अन्य लोग मौजूद रहे। स्वामी शातानंद के स्कूल में पहुंचने से प्राचार्य, श्री केरकेट्टा ने स्वागत कर आभार जताया।

वहीं स्कूल समिति अध्यक्ष भरत षडंगी ने सराहना कर कहा कि अपने बहुमुल्य समय निकाल स्कूल के बच्चों को मार्गदर्शन दिया। यहां के छात्र आज भी अपने स्कूली जीवन को छात्र एवं शिक्षकों को लेकर एक दूसरे से साझा करते रहे हैं। इस बीच स्कूल में संतो द्वारा दिया गया उपदेश का भी चर्चा कर अंगीकार किए हैं। जब अशासकीय स्कूल नहीं थे उस समय इस स्कूल में शिक्षण व्यवस्था के साथ आए दिन जीवन को उचित प्लेट फार्म देने उपदेशकों एवं संतो का आगमन होता था जिसमें छात्रों को दैनिक दिनचर्या से जुडे तथ्यों को जोड़ने की नसीहत दी जाती थी।

## 56 प्रकरणों में 8 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त

# कार्रवाई से कोचियों और बिचौलियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ अब तक 56 प्रकरणों में 8 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है, जिससे शासन की लगभग 2.50 करोड़ की आर्थिक हानि को रोका जा सका है।

अवैध धान के अंतर्राज्यीय एवं आंतरिक परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले में बनाए गए 25 चेकपोस्टों पर 24 गुणा 7 निगरानी रखी जा रही है। भुईंयापाली, बेलरिया, लारा, रेंगालपाली, तोलमा, हाटी, गोलाबुड़ा, टांगरघाट, बिजना, उर्दना, पलगड़ा, भालूनारा, बाकारूमा और रीलो सहित सभी चेकपोस्टों पर तैनात टीमें सतत चेकिंग कर रही हैं। अनुविभागीय स्तर पर भी विशेष टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। जंगल और वैकल्पिक मार्गों को भी सील कर दिया गया है, जिससे अवैध आवाजाही पर प्रभावी रोक लगी है। कलेक्टर ने साफ कहा है कि अवैध धान भंडारण व परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



### दो दिनों में 9 प्रकरण में 564 क्विंटल जब्त

29 और 30 नवंबर को की गई कार्रवाई में राजस्व मंडी एवं प्रशासनिक टीमों ने विभिन्न ग्रामों में औचक निरीक्षण कर 9 प्रकरणों में 564 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया। इनमें ग्राम लोइंग में सुरेश गुप्ता के यहां 80 क्विंटल, ग्राम छुहीपाली में सुखदेव पटेल के यहां 27.60 क्विंटल, ग्राम लारा के विष्णु चरण के यहां 24 क्विंटल, ग्राम कोड़पाली के रोहित बारिक के यहां 8 क्विंटल, ग्राम भकुर्रा की श्रीमती विमला यादव के यहां 22 क्विंटल, ग्राम पलगढ़ा के अशोक गवेल के वाहन में 28 क्विंटल, खरसिया के अनिश अग्रवाल के गोदाम में 160 क्विंटल, ग्राम कांदागढ़ के राजू के यहां 60 क्विंटल और ग्राम नवापारा माण्ड में कुमार साहू के यहां 154.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। सभी मामलों में छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### धान खरीदी भुगतान में 96.27 प्रतिशत

सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 नवम्बर तक जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 78 हजार 310.40 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है है। खरीदे गए धान के एवज में 4224.17 लाख रुपए भुगतान योग्य राशि निर्धारित की गई है, जिसमें से 4066.50 लाख रुपए का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया गया है। धान खरीदी व्यवस्था व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हित में सुचारु रूप से जारी है।

